उत्तर रेलवे

230–विद्युत लोको परिचालन/दिल्ली/तकनीकी–24/2023
दिनांक :– 19.09.2023

मण्डल कार्यालय
नई दिल्ली

## तकनीकी सर्कुलर–DLI/RSO-04/2023

**विषय :– रिले QLM के द्वारा ट्रिपिंग मिलने पर ट्रबल शूटिंग के लिए निर्देश।**

वर्तमान में एक केस ऐसा देखा गया जिसमें कि चालक दल के द्वारा चलती गाडी में स्पीड न बढने का कारण QLM रिले टारगेट का ड्रॉप होना माना गया और गाडी को SLKN स्टेशन के थ्रू स्टार्टर सिगनल पर रोक दिया गया जबकि QLM रिले के मेकेनिकल इंटरलॉक होने के कारण, QLM रिले टारगेट के ड्रॉप हाने की स्थिति मे VCB बंद नही हो सकता । चालक दल के द्वारा QLM रिले टारगेट के ड्रॉप होने की सही स्थिति पता न होना गाडी के समयहानि का मुख्य कारण बना। चालक दल को रिले टारगेट के ड्रॉप होने की सही स्थिति के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। चालक दल को रिले टारगेट के ड्रॉप होने की सही स्थिति के बारे में जानकारी न होने के कारण समयहानि बढ़ जाती है।

| | |
|---|---|
| **यदि केवल QLM का टारगेट गिरा हो तोः** | i. हाईटेंशन कम्पार्टमैण्ट की जाँच करें, यदि हाईटेंशन के टैपचेंजर के आसपास तेल फैला हो, CGR कान्टेक्टर आर्कच्यूट, रुफ बुशिंग, इंसुलेटर एवम् हाईटेंशन में कहीं भी धुँआ निकल रहा हो, जलने की गंध आ रही हो अथवा किसी उपकरण के लाल या गर्म होने के संकेत मिले तो रिले टारगेट रिसेट न करें, लोको को डेड करके TLC को सूचित करें रिलीफ इंजन की माँग करें।<br>ii. यदि सब सामान्य मिले तो एक बार रिले QLM रिले को रिसेट करके सावधानी पूर्वक VCB बंद करें।<br>iii. VCB बंद करने पर यदि QLM रिले का टारगेट दुबारा गिरता है तो इसे रिसेट न करें, इंजन को विफल घोषित करें, TLC को बतायें और मदद की माँग करें। |
| **यदि QLM के साथ QRSI 1-2, QOP 1-2, QLA या QOA का टारगेट गिरा होः** | i. हाईटेंशन कम्पार्टमैण्ट की उपरोक्त की भली भॉति जाँच करे कोई असामान्यता मिलने पर रिले टारगेट रिसेट न करें लोको को डेड करके TLC को सूचित करें रिलीफ इंजन की माँग करें।<br>ii. यदि असामान्यता न मिले तो टारगेटो को रिसेट करके सावधानी पूर्वक VCB बंद करें, व सामान्य कार्य करें।<br>iii. यदि दुबारा टारगेट गिरता है और हाईटेंशन कम्पार्टमैण्ट में कोई असामान्यता भी नही मिलती है तो QLM रिले को रिसेट करके साथ गिरे हुए टारगेट रिले की TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग करें। |

अतः समस्त मुख्य लोको निरीक्षक अपने नामित/गैरनामित चालक दल को उक्त मद पर काउंसलिंग करें व अपनी काउंसलिंग रिपोर्ट लिखित रूप में दिनांक 20.10.2023 तक मण्डल कार्यालय में दें।

H. Rastogi

**वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन**
**उत्तर रेलवे, नई दिल्ली**

**प्रतिलिपि :–**

1. **मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली – सूचनार्थ।**
2. **मण्डल विद्युत अभियंता/परि./नई दिल्ली – सूचनार्थ।**
3. **सहायक मण्डल विद्युत अभियंता/परि./नई दिल्ली – सूचनार्थ।**
4. **मुख्य कर्षण नियंत्रक/मण्डल कार्यालय/नई दिल्ली/उत्तर रेलवे– सूचनार्थ।**

5. **समस्त मुख्य लोको निरीक्षक–गाजियाबाद, दिल्ली, नई दिल्ली, आनन्द विहार, पानीपत, जींद, जाखल, रोहतक, निजामुद्दीन, पलवल, मेरठ, शकूरबस्ती एवं तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतू।**
6. **समस्त लोको लॉबी नोटिस बोर्ड– सूचनार्थ।**
7. **बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र / तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतू।**
8. **विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र / चिपियाना / गाजियाबाद / उत्तर रेलवे–आवश्यक कार्यवाही हेतू।**